दिनांक 27.05.2021 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

जेटिंग मशीन से सुधारा जाएगा सीवेज सिस्टम, 3 नग मशीन पहुंची भिलाई निगम, एक वाहन में दो प्रकार के सिस्टम, चोक सीवेज लाइन के लिए बेहद कारगर है यह मशीन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सीवेज सिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए सक्शन कम जेटिंग मशीन खरीदने की स्वीकृति मिली थी। अब 3 नग नई मशीन के आने के बाद निगम क्षेत्र के घरों और कॉलोनियों के सीवेज चेंबर से गंदगी निकालने का काम और शीघ्रता से होने लगेगा। अमृत मिशन के सैप्टेज मैनेजमेंट घटक के तहत मशीन खरीदने हेतु राज्य शहरी विकास अभिकरण से विभिन्न शर्तों के साथ अनुमति प्राप्त हुई थी। अनुमति मिलने के उपरांत निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करते हुए मशीन की खरीदी की गई है , एक मशीन की कीमत 4475000 रुपए है! भिलाई निगम क्षेत्र में सीवेज के चेंबर से गंदा अपशिष्ट को निकालने हेतु 3 नई मशीन आ चुकी है। विदित हो कि पूर्व से सक्शन यूनिट की एक वाहन 9000 लीटर क्षमता की निगम के पास उपलब्ध है साथ ही 4000 लीटर क्षमता वाली दो वाहन उपलब्ध है! अब तीन नई मशीन आने से इस कार्य में तीव्रता आएगी!

जानें क्या है नई मशीन की खासियत सक्शन कम जेटिंग मशीन की खासियत की बात करें तो यह 9000 लीटर की क्षमता रखता है! इसमें दो टैंक स्थापित है एक टैंक 5000 लीटर पानी धारण कर सकता है तथा दूसरा टैंक 4000 लीटर मल मूत्र/ अपशिष्ट को स्टोर कर सकता है! सीवेज लाइन चोक होने पर मशीन में स्टोर पानी की सहायता से प्रेशर देकर चोक को समाप्त किया जा सकता है! सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय के लिए भी यह बेहद उपयोगी है! इसमें पानी का प्रेशर इतना अधिक है कि अग्निशमन यंत्र के रूप में भी यह काम कर सकता है! भिलाई क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड , वैशाली नगर, जवाहर नगर एवं नेहरू नगर जैसे क्षेत्रों में सीवेज लाइन बिछी हुई है! रहवासी भी प्रति ट्रिप के अनुसार निर्धारित शुल्क देकर इस वाहन से गंदा अपशिष्ट निकलवा सकते हैं! इस मशीन के संबंध में निगम कर्मचारियों प्रशिक्षित करने के उपरांत इसे जल्द ही उपयोग में लाया जाएगा!